नवदुनिया
भोपाल, मंगलवार 28 अक्टूबर, 2025

# ट्रायथलान अकादमी के खिलाड़ी भारतीय टीम में

## जार्डन में एशियन ट्रायथलान जूनियर और अंडर 23 में भाग लेगी

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मप्र राज्य ट्रायथलान अकादमी के चार खिलाड़ी आध्या सिंह, दुविसा पवार, रोशन गोंड व अभिषेक माडनवाल को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। चयनित खिलाड़ी जार्डन के आकाबा में 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक खेली जाने वाली जूनियर व अंडर 23 चैंपियनशिप में भाग लेगी। अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन मनोज कुमार झा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम भागीदारी कर रही है। टीम जार्डन के लिए रवाना हो गई है।



मध्य प्रदेश के चयनित ट्रायथलान खिलाड़ी। • सौजन्य आयोजक

प्रशिक्षक मनोज झा ने बताया कि हमारी टीम मजबूत है। सभी खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप के लिए जमकर तैयारी की है, सभी खिलाड़ी के पदक के दावेदार है। मध्य प्रदेश ट्रायथलान संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, सचिव जेपी सक्सेना, खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक बीएस यादव ने पूरी टीम को बधाई देते हुए ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

# नवभारत

भोपाल, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025


एक नजर में



## मप्र के 4 खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

**भोपाल.** अकाबा के जॉर्डन में 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक आयोजित एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ी आद्या सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे. चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों की टीम ने आज ट्रायथलॉन अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन मनोज झा के साथ जॉर्डन के लिए प्रस्थान किया. प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री कैलाश विश्वास सारंग ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक अर्जित करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं.

स्वदेश ज्योति
www.swadeshjyoti.com

एशिया ट्रायथलॉन चैंपियनशिप जॉर्डन

# मप्र ट्रायथलॉन अकादमी के चार खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

खेल संवाददाता, भोपाल



अकाबा, जॉर्डन में 30 अक्टूबर से एक नवंबर, 2025 तक आयोजित एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ी आद्या सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों की टीम ने आज ट्रायथलॉन अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन मनोज झा के साथ जॉर्डन के लिए प्रस्थान किया।

प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री कैलाश विश्वास सारंग ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक अर्जित करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव तथा मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और सचिव जेपी सक्सेना ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

बदलते ज़माने का अख़बार
पीपुल्स समाचार

# एशिया ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में दम दिखाएंगे मप्र के चार खिलाड़ी



खेल संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9009709528

मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के चार होनहार खिलाड़ी – आद्या सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल – एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक अकाबा (जॉर्डन) में आयोजित होगी। खिलाड़ियों की टीम ने मुख्य कोच कैप्टन मनोज झा के नेतृत्व में जॉर्डन के लिए प्रस्थान किया। संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव, मप्र ट्रायथलॉन संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और सचिव जेपी सक्सेना ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की।

पत्रिका patrika.com
भोपाल, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

# भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे चार खिलाड़ी

**भोपाल.** अकाबा, जॉर्डन में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर, तक आयोजित होने वाली एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के चार खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें आद्या सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल शामिल हैं। चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों की टीम ट्रायथलॉन अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन मनोज झा के साथ जॉर्डन के लिए रवाना होगी।



इस मौके पर संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव, मप्र ट्रायथलॉन संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और सचिव जेपी सक्सेना ने खिलाड़ियों से पदक जीतने की उम्मीद जाहिर की है।